
PURVANCHAL UNIVERSITY, JAUNPUR (U.P.)


लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास







# खेवन ने तैराकी स्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक प्राप्त कर महविद्यालय को किया गौरवान्वित

राजनांदगांव(पहट)। दिग्विजय महाविद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र खेवन निषाद ने श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किया। खेवन ने 50 मीटर तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 200 मीटर आई.एम. में दूसरा तथा 400 मीटर आई.एम. प्रतियोगिता में तृतीय स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अब छात्र खेवन निषाद 19 दिसंबर से भुवनेश्वर में आयोजित उत्तर पूर्व क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय तैराकी प्रतियोगिता में महविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा। विद्यार्थी की इस स्वर्णिम सफलता के लिए दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने क्रीडाधिकारी अरुण चौधरी तथा खेवन को बधाई दी तथा आने वाले प्रतियोगिता के लिए शुभाकामनाएं दी। महविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने भी छात्र को बधाई दी।

# दिग्विजय कालेज में स्वास्थ्य जांच शिविर, विद्यार्थी एवं कर्मचारियों ने उठाया लाभ



राजनांदगांव(पहट)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल, महिला सेल, एमओयू समिति, प्लेसमेंट सेल, एनसीसी, एनएसएस, यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन के तत्वाधान में श्री राम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के द्वारा एमओयू के तहत महाविद्यालय के शहीद वीर नारायण सिंह ऑडिटोरियम में विशाल नि:स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित कर्मचारियों ने स्वास्थ्य प्रशिक्षण का लाभ उठाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टांडेकर ने फूलों का गुलदस्ता से सभी डॉक्टर का स्वागत कर कॉलेज में लगे शिविर में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। श्री राम मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के महाप्रबंधक अमित कुमार साहा ने बताया कि शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर प्रशिक्षण, स्त्री रोग संबंधी स्वास्थ्य के संबंध में महिलाओं के लिए जागरुकता और शिक्षा आदि के संबंध में जानकारी प्रदान किया। डॉ. अरुण कंसारी ने लोगों का स्वास्थ्य का जांच किया जांच के दौरान उन्होंने लोगों को उचित सलाह व आवश्यक जानकारी दी। लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की कहा कि लोगों को अपनी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है। पैसे के अभाव में लोग समय पर छोटी बीमारियों के इलाज नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण आगे चलकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है वहीं आर्थिक रूप से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए लोगों को पहले ही इलाज कर लेना चाहिए। इस स्वास्थ्य प्रशिक्षण में राम मल्टीस्पेशलिस्टी हॉस्पिटल रायपुर महाप्रबंधक अमित कुमार साह, एमबीबीएस स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पिता नामदेव, डॉ. अरुण कंसारी एवं डॉक्टरों की टीम ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य जांच की।

अंतर्गत जीर्ण-शीर्ण सड़कों की मरम्मत एवं बी.टी. जिसे अतिशीघ्र धरातल

# बेस्ट लिफ्टर ऑफ ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बने ज्ञानेश्वरी यादव



राजनांदगांव (दावा)। कालीकट (केरल) में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) प्रतियोगिता में स्व. हेमचंद यादव दुर्ग यूनिवर्सिटी महाविद्यालय से प्रतिनिधित्व करते हुए जय भवानी व्यायाम शाला ने एन.आई.एस. कोच अजय लोहार के मार्गदर्शन में अभ्यासरत् व दिग्विजय कालेज में अध्ययनरत् कु. ज्ञानेश्वरी यादव ने 49 किग्रा वर्ग समूह में 78 किग्रा स्नैच व 91 किग्रा क्लिनजर्क कुल वजन 169 किग्रा वजन उठाकर अपने ग्रुप में प्रथम स्थान पर रहे। वरन ऑल ग्रुप महिला वर्ग में भी सबसे ज्यादा वजन उठाकर बेस्ट लिफ्टर ऑफ आल इंडिया यूनिवर्सिटी का खिताब अपने नाम की।

जय भवानी व्यायाम शाला के संचालक व जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी जी ने बताया की आल इंडिया यूनिवर्सिटी केरल में आयोजित की गई थी जिसमें व्यायाम शाला के होनहार खिलाड़ी व जुनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडल विजेता ज्ञानेश्वरी यादव शुरू से मेहनती खिलाड़ी है इसके साथ हमारे व्यायाम शाला के महिला वेटलिफ्टर खिलाड़ी कु. रंजना यादव, सोनाली यादव, नेहा सोनकर, रिमझिम मैगी भी स्व. हेमचंद यादव दुर्ग यूनिवर्सिटी व राजनांदगांव दिग्विजय कालेज से प्रतिनिधित्व किये है। ये सभी खिलाड़ी अपने-अपने ग्रुप में अच्छा प्रदर्शन किये। यह जानकारी जिला वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट डोंगरगढ़**

प्रारूप 04

नियम 5(1) देखिये

छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 05 (2)


वोट
राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता
प्रथम पुरस्कार
SVEEP

# राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी स्पर्धा में अलका वर्मा ने जीता कांस्य पदक



## 29वां एनटीपीसी सीनियर नेशनल आर्चरी टूर्नामेंट में भाग लेने गुजरात जाएंगी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन द्वारा 19 फरवरी को एक दिवसीय सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन आउटडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब रायपुर में किया गया।

एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के अलावा राजनांदगांव जिले से संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के खिलाड़ी अलका वर्मा ने इंडियन राउंड सीनियर महिला वर्ग में भाग लिया। स्पर्धा में अलका ने बेहतरीन एकाग्रता का परिचय देते हुए कुल 279 स्कोर शूटिंग कर अर्जित किया। स्पर्धा के संपूर्ण परिणाम में इंडियन राउंड महिला वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किए। विदित हो कि 29वीं एनटीपीसी सीनियर इंडियन राउंड आर्चरी टूर्नामेंट 9 मार्च से 18 मार्च को एकतानगर, गुजरात में आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ इंडियन राउंड टीम के साथ स्पर्धा में अलका वर्मा भाग लेंगी।

इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में तैयार हो रहे तीरंदाज एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव शहर के इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में अलग-अलग उम्र वर्ग के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान कर रहे है। जिसका परिणाम यह रहा कि इस वर्ष केन्द्रीय विद्यालय संगठन स्पर्धा में एक खिलाड़ी से मेडल जीता। इसके अलावा इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी स्पर्धा भटिंडा में हेमचंद यादव युनिवर्सिटी की ओर से सर्वाधिक खिलाड़ी संस्कारधानी तीरंदाजी संघ से प्रशिक्षण प्राप्त चयनित होकर भाग लिए। राष्ट्रीय मिनी तीरंदाजी स्पर्धा में पहली बार सबसे कम उम्र की खिलाड़ी इसी प्रशिक्षण केन्द्र से अभ्यास कर भाग ली है। वर्तमान में अलगा वर्मा राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी स्पर्धा में मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेंगी। अलका दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर खेलेंगी दिग्विजय कालेज में बीए फाइनल की छात्रा अलका वर्मा हाल ही में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी की टीम की ओर से इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी स्पर्धा भटिंडा में भाग ली है। जिसमें उनके एनआईएस कोच राहुल साहू यूनिवर्सिटी टीम के कोच बनकर स्पर्धा में गए। अलका वर्मा नियमित अभ्यास संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के प्रशिक्षण केन्द्र में निःशुल्क कर रही है। परिणाम यह रहा कि 2 माह के अंदर दूसरी बार पुनः राज्य स्तरीय स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने जगह बना ली है।

तीरंदाज अलका वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 8 किमी. की दूरी तय कर प्रशिक्षण केन्द्र जाकर नियमित अभ्यास करती हैं। उन्हें मैदान में नियमित तकनीकी ज्ञान एनआईएस कोच राहुल साहू एवं कोच कुशल रजक से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि मेरे कोच के सटिक मार्गदर्शन का परिणाम है कि मैं इस मुकाम तक पहुंची हूं। उनकी इस उपलब्धि एवं राष्ट्रीय स्पर्धा में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिग्विजय कालेज के प्राचार्य श्री डॉ. के.एल. टांडेकर, जिला अधिवक्ता संघ के पुर्व अध्यक्ष श्री मनोज चौधरी जी सहित उनके परिवारजनों ने दी है।

# राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी स्पर्धा में अलका ने जीता कांस्य पदक



नवभारत रिपोर्टर। राजनांदगांव।

छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन द्वारा 19 फरवरी को एक दिवसीय सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन आउटडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब रायपुर में किया गया. एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के अलावा राजनांदगांव जिले से संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के खिलाड़ी अलका वर्मा ने इंडियन राउंड सीनियर महिला वर्ग में भाग लिया. स्पर्धा में अलका ने बेहतरीन एकाग्रता का परिचय देते हुए कुल 279 स्कोर शूटिंग कर अर्जित किया. स्पर्धा के संपूर्ण परिणाम में इंडियन राउंड महिला वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किए. विदित हो कि 29वीं एनटीपीसी सीनियर इंडियन राउंड आर्चरी टूर्नामेंट 9 मार्च से 18 मार्च को एकतानगर, गुजरात में आयोजित है. जिसमें छत्तीसगढ़ इंडियन राउंड टीम के साथ स्पर्धा में अलका वर्मा भाग लेंगी.

दिग्विजय कालेज में बीए फाइनल की छात्रा अलका वर्मा हाल ही में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी की टीम की ओर से इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी स्पर्धा भटिंडा में भाग ली है. जिसमें उनके एनआईएस कोच राहुल साहू यूनिवर्सिटी टीम के कोच बनकर स्पर्धा में गए. अलका वर्मा नियमित अभ्यास संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के प्रशिक्षण केन्द्र में निःशुल्क कर रही है. परिणाम यह रहा कि 2 माह के अंदर दूसरी बार पुनः राज्य स्तरीय स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने जगह बना ली है. तीरंदाज अलका वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 8 किमी की दूरी तय कर प्रशिक्षण केन्द्र जाकर नियमित अभ्यास करती हैं. उन्हें मैदान में नियमित तकनीकी ज्ञान एनआईएस कोच राहुल साहू एवं कोच कुशल रजक से प्राप्त होता है. उन्होंने कहा कि मेरे कोच के सटिक मार्गदर्शन का परिणाम है कि मैं इस मुकाम तक पहुंची हूं. उनकी इस उपलब्धि एवं राष्ट्रीय स्पर्धा में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिग्विजय कालेज के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर, जिला अधिवक्ता संघ के पुर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी सहित उनके परिवारजनों ने दी है..





# क्रिकेट में राजनांदगांव विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता का फायनल मैच 18 जनवरी को दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के बीच खेला गया। डोंगरगढ ने टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का फैसला लिया। दिग्विजय महाविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 138 रन बनाए। डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 91 रन बना पाई। प्रतियोगिता का फायनल मैच दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने 48 रन से जीत लिया। मैच में अम्पायर मोरध्वज सोनवानी, निखिल, प्रकाश महानदी, निकुज परमार, अर्शवीर सिंह एवं स्कोरर एमडी आलम थे।



## खिलाड़ियों को मिलेगी हर सुविधा

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान, विशिष्ट अतिथि पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अनिल सहारे थे। इस मौके पर श्री खान ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि छात्र जीवन में खिलाडी होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने नेहरू महाविद्यालय के स्टेडियम को उच्च स्तर पर तैयार कर आगे जिला, राज्य एवं विवि स्तर की प्रतियोगिता हेतु सभी सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने भी संबोधित किया। अंत में अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अम्पायर, स्कोरर, बेस्ट बेट्समेन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कैचर एवं बेस्ट फिल्डर को भी सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया।

## छात्रों ने निकाली रैली

**साल्हेवारा।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं एएसपी नेहा पांडे, एसडीओपी प्रशांत खांडे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रामनरेश यादव के नेतृत्व में पुलिस ने स्थानीय अस्पताल चौक में स्टॉल लगाकर एवं रानी दुर्गावती महाविद्यालय,हाई स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ रैली निकालकर ग्रामीणों को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने आदि की जानकारी दी। छात्र-छात्राओ एवं ग्रामीणों को रोड सेफ्टी की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

## संकुल स्तरीय स्पर्धा का समापन

**डोंगरगढ़।** मड़ियान में आयोजित संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का



समापन 17 जनवरी को हुआ । शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच एवकुंवर कंवर थी। अध्यक्षता त्रिज्या वर्मा ने की। इस मौके पर राजोबाई कोसा, दुधाराम वर्मा, रजउराम पटेल, शिवचरण कंवर, छबिल पटेल मौजूद थे। समापन समारोह के अतिथि नवीराम चंद्रवंशी, सोमवरत चंद्रवंशी, रघुनंदन चंद्रवंशी, बरन्तूराम पटेल, रघुनंदन वर्मा, संतकला मंडावी, ताकेश्वरी पटेल, संवल सिंग टेकाम, अंजेश्वर नेताम थे। संचालन कृष्ण कुमार दुबे एवं आभार प्रदर्शन विजय ताम्रकर ने किया।

# ...ं तुमड़ीबोड़, नाथूनवागांव प्रथम

# ज्य स्तरीय पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता का दिग्विजय महाविद्यालय में आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के द्वारा राज्य स्तरीय हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23 जनवरी एवं 24 जनवरी को किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया, प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ.के.एल. टांडेकर ने प्रतिभागी टीमों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हे खेल भावना से हार व जीत को स्वीकार करने की बात कहीं। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल राजनांदगांव व बालौदाबाजार के मध्य खेला गया जिसमें बालौदाबाजार ने राजनांदगांव को 16-06 पराजित किया। प्रतियोगिता का दूसरे सेमीफाइनल दुर्ग व रायपुर के मध्य खेला गया जिसमें दुर्ग ने रायपुर को 21-10 से पराजित किया। प्रतियोगिता का




## दुर्ग ने बलौदाबाजार को पराजित कर जीता खिताब

फाइनल मैच दुर्ग व बालौदाबाजार के मध्य खेला गया जिसमें दुर्ग ने बालौदाबाजार को 18-11 से पराजित कर विजेता बनी।

इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ. आलोक दुबे, छ.ग. राज्य हैण्डबाल एसोसियेशन के अध्यक्ष, डॉ. रविन्द्रनाथ मिश्रा पूर्व संचालक पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर, डॉ. दिनेश नामदेव, संचालक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, पी.के. हरी सेवानिवृत्त क्रीडाअधिकारी, परेश वर्मा क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. एम.एल. नंदेश्वर क्रीडाअधिकारी, खेलन मोहिले, मोरध्वज सोनवानी उपस्थित थे।

# ज्ञानेश्वरी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब




दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की 45 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लेने वाली शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव की वेट लिफ्टर कु. ज्ञानेश्वरी ने कालीकट में 27 से 29 जनवरी तक आयोजित ऑल इंडिया वेट लिफ्टिंग टूर्नामेंट में 28 अंक लेकर प्रथम स्थान सहित स्वर्णपदक प्राप्त किया। इसी के साथ ज्ञानेश्वरी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया है। यह जानकारी देते हुए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के खेल संचालक, डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 85 विश्वविद्यालयों के वेट लिफ्टिरों ने हिस्सा लिया था। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी ज्ञानेश्वरी ने जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, खेलो इंडिया चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, ऑल इंडिया वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया था।

डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी दी कि सत्र 2022-23 में नेशनल लेवल पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के खिलाड़ी छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस वर्ष विश्वविद्यालय की 6 टीमों ने ऑल इंडिया खेल प्रतियोगिता हेतु क्वालीफाई कर लिया है। खिलाड़ियों की उपलब्धियों की श्रृंखला में विश्वविद्यालय ने अंतर्विश्वविद्यालयीन वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 117 अंक अर्जित कर पूरे देश में सातवां स्थान प्राप्त किया है। इस टीम के मैनेजर अजय लोहार, राजनांदगांव तथा अनिता शेंडे शासकीय दल्लीराजहरा महाविद्यालय हैं। इसी प्रकार 45 किग्रा वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में इसी विश्वविद्यालय की कुमारी वीणा ने रजत पदक प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों पर कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा, कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप तथा अन्य समस्त अधिकारियों ने बधाई दी है। डॉ. नामदेव ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एण्ड टेक्नॉलॉजी, मेघालय में आयोजित ईस्ट जोन हैण्डबॉल महिला प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम ने उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर को 23-13 अंकों से पराजित कर गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऑल इंडिया के लिए क्वालिफाई किया है। इस टीम के मैनेजर, अरूण चौधरी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव तथा कोच कुमारी रीनु ठाकुर हैं।

# वेटलिफ्टिंग में ज्ञानेश्वरी ने जीता गोल्ड



राजनांदगांव( वि.) । दिग्विजय महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्ञानेश्वरी यादव ने नागरकोल तमिलनाडू में आयोजित ओपन नेशनल वेटलिफ्टिंग यूथ जूनियर तथा सीनियर प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर वर्ग में स्नैच में 78 किग्रा उठाते हुए राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया तथा गोल्ड मेडल जीता। सीनियर वर्ग में 49किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल तथा इंटर स्टेट प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया। ज्ञानेश्वरी के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा.केएल टांडेकर ने कहा कि दिग्विजय महाविद्यालय को आप जैसे खिलाड़ियो पर गर्व है। इस दौरान क्रीड़ाअधिकारी अरुण चौधरी, डा.एचएस भाटिया, रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा मौजूद रहे।

# वेटलिफ्टिंग में ज्ञानेश्वरी ने जीता गोल्ड



**राजनांदगांव( वि.)**। दिग्विजय महाविद्यालय के वीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्ञानेश्वरी यादव ने नागरकोल तमिलनाडू में आयोजित ओपन नेशनल वेटलिफ्टिंग यूथ जूनियर तथा सीनियर प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर वर्ग में स्नैच में 78 किग्रा उठाते हुए राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया तथा गोल्ड मेडल जीता। सीनियर वर्ग में 49किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल तथा इंटर स्टेट प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया। ज्ञानेश्वरी के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा.केएल टांडेकर ने कहा कि दिग्विजय महाविद्यालय को आप जैसे खिलाड़ियों पर गर्व है। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी अरुण चौधरी, डा.एचएस भाटिया, रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा मौजूद रहे।

# दिग्विजय एवं डोंगरगांव महाविद्यालय की टीम ने मारी बाजी



नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़।

नेहरू महाविद्यालय स्टेडियम में खेले जा रहे सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता के चौथे दिन का पहला मैच शास.दिग्विजय महावि. राजनांदगांव एवं शास. महा. लोहारार के बीच खेला गया. दिग्विजय महा. की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाये। खिलाडी यश राजपूत ने 67 गेंदो में 111 रन बनाकर नाबाद रहे. 206 रन का लक्ष्य लेकर लोहारा महा. की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 10.05 ओवर में 67 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस प्रकार प्रथम मैच में दिग्विजय महा. की टीम विजयी रही. एलबी नगर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9.1 ओवर में 36 रन बनाकर आल आउट हो गई. 37 रन का लक्ष्य लेकर डोंगरगांव महा. की टीम ने 5 ओवर में ही 38 रन बनाकर मैच जीत लिया. दोनो मैच में अम्पायर मोरध्वज सोनवानी, निखिल, प्रकाश महानदी, एवं निकुज परमार एवं स्कोरर एम.डी.आलम रहे. 15 जनवरी को प्रथम मैच शास.महा. पांडातराई एवं विज्ञान महा. राजनंदगांव के बीच खेला जायेगा.शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के मागदर्शन में प्रतियोगिता कराई जा रही है.

# दिग्विजय महाविद्यालय ने डोंगरगढ़ महाविद्यालय को किया पराजित



नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता का फायनल मैच 18 जनवरी को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की टीम के बीच खेला गया. डोंगरगढ़ महाविद्यालय ने पहले टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला लिया. दिग्विजय महाविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 138 रन बनायें. 139 रनों का लक्ष्य लेकर डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 91 रन ही बना पायी. इस प्रकार प्रतियोगिता का फायनल मैच दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने 48 रन से जीत लिया. मैच में अम्पायर मोरध्वज सोनवानी, निखिल, प्रकाश महानदी, निकुंज परमार, अर्शवीर सिंह एवं स्कोरर एम.डी.आलम रहे. मैच के बाद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा एवं समाजसेवी अनिल सहारे उपस्थित रहे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवाज खान ने दिग्विजय महा. राज. एवं डोंगरगढ़ महाविद्यालय की विजेता एवं उपविजेता रहने पर बधाई देते हुए कहा कि छात्र जीवन में खिलाड़ी रहना काफी सौभाग्य की बात होती है. उन्होंने नेहरू महाविद्यालय के स्टेडियम को उच्च स्तर पर तैयार कर आगे भी जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता हेतु स्टेडियम में खिलाडियों के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही. कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया.साथ ही इस प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले अम्पायर, स्कोरर एवं बेस्ट बेट्समेन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कैचर एवं बेस्ट फिल्डर को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में दिग्विजय महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी, योग शिक्षक संतराम वर्मा सहित खिलाड़ी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया.महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई.

// समंस //

न्यायालय द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश,

जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

[illegible]





# क्रिकेट में राजनांदगांव विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता का फायनल मैच 18 जनवरी को दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के बीच खेला गया। डोंगरगढ ने टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का फैसला लिया। दिग्विजय महाविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 138 रन बनाए। डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 91 रन बना पाई। प्रतियोगिता का फायनल मैच दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने 48 रन से जीत लिया। मैच में अम्पायर मोरध्वज सोनवानी, निखिल, प्रकाश महानदी, निकुंज परमार, अर्शवीर सिंह एवं स्कोरर एमडी आलम थे।



## खिलाड़ियों को मिलेगी हर सुविधा

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान, विशिष्ट अतिथि पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अखिल सहारे थे। इस मौके पर श्री खान ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि छात्र जीवन में खिलाड़ी होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने नेहरू महाविद्यालय के स्टेडियम को उच्च स्तर पर तैयार कर आगे जिला, राज्य एवं विवि स्तर की प्रतियोगिता हेतु सभी सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने भी संबोधित किया। अंत में अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अम्पायर, स्कोरर, बेस्ट बेट्समेन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कैचर एवं बेस्ट फिल्डर को भी सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया।

## छात्रों ने निकाली रैली

**साल्हेवारा।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं एएसपी नेहा पांडे, एसडीओपी प्रशांत खांडे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रामनरेश यादव के नेतृत्व में पुलिस ने स्थानीय अस्पताल चौक में स्टॉल लगाकर एवं रानी दुर्गावती महाविद्यालय,हाई स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ रैली निकालकर ग्रामीणों को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने आदि की जानकारी दी। छात्र-छात्राओ एवं ग्रामीणों को रोड सेफ्टी की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

## संकुल स्तरीय स्पर्धा का समापन

**डोंगरगढ़।** मड़ियान में आयोजित संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन 17 जनवरी को हुआ । शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच एवंकुंवर कंवर थी। अध्यक्षता त्रिज्या वर्मा ने की। इस मौके पर राजोबाई कोसा, दुधराम वर्मा, रजउराम पटेल, शिवचरण कंवर, छबिल पटेल मौजूद थे। समापन समारोह के अतिथि नवीराम चंद्रवंशी, सोमवरत चंद्रवंशी, रघुनंदन चंद्रवंशी, धरनूराम पटेल, रघुनंदन वर्मा, संतकला मंडावी, त्रकेश्वरी पटेल, संवल सिंह टेकाम, अंजेश्वर नेताम थे। संचालन कृष्ण कुमार दुबे एवं आभार प्रदर्शन विजय ताम्रकर ने किया।



# ...ं तुमड़ीबोड़, नाथूनवागांव प्रथम



...मीण

# वेटलिफ्टिंग में ज्ञानेश्वरी ने जीता गोल्ड



**राजनांदगांव( वि.)**। दिग्विजय महाविद्यालय के वीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्ञानेश्वरी यादव ने नागरकोल तमिलनाडू में आयोजित ओपन नेशनल वेटलिफ्टिंग यूथ जूनियर तथा सीनियर प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर वर्ग में स्नैच में 78 किग्रा उठाते हुए राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया तथा गोल्ड मेडल जीता। सीनियर वर्ग में 49किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल तथा इंटर स्टेट प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया। ज्ञानेश्वरी के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा.केएल टांडेकर ने कहा कि दिग्विजय महाविद्यालय को आप जैसे खिलाड़ियों पर गर्व है। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी अरुण चौधरी, डा.एचएस भाटिया, रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा मौजूद रहे।